अध्याय
सत्रह

अनेकार्थी शब्द

One Word Substitution

जो शब्द एक से अधिक अर्थ देते हैं, उन्हें अनेकार्थी शब्द कहते हैं। जैसे-

अलि

भौंरा

कोयल

पत्र



चिट्ठी

पत्ता

उपर्युक्त चित्रों को देखने से पता चल रहा है कि 'अलि' को 'भौंरा' और 'कोयल' दोनों ही कहते हैं। इसी प्रकार 'पत्र' को 'चिट्ठी' तथा 'पत्ता' दोनों कहते हैं। शब्द एक ही है लेकिन अर्थ बदल गए हैं। अतः हम कह सकते हैं कि-

जिन शब्दों के अनेक अर्थ होते हैं, उन्हें अनेकार्थी शब्द कहते हैं।

कुछ अनेकार्थी शब्द

- घन — बादल, हथौड़ा
- पानी — जल, इज्जत
- गौ — गाय, स्वर्ग
- अर्थ — धन, प्रयोजन
- गुरु — शिक्षक, बृहस्पतिवार
- आम — फल विशेष, साधारण

- अज — बकरा, ब्रह्मा
- नाग — सर्प, हाथी
- निशाचर — राक्षस, उल्लू
- कनक — सोना, गेहूँ
- बल — बलराम, सेना
- मधु — शहद, शराब
- मित्र — दोस्त, सूर्य
- मुद्रा — रुपया, आकृति
- पक्ष — पंख, माह का आधा भाग
- उत्तर — एक दिशा का नाम, जवाब
- पतंग — पक्षी, सूर्य
- रस — सार, शर्बत
- काम — कामदेव, सूर्य
- कर — हाथ, टैक्स
- काल — समय, मृत्यु
- खर — तिनका, गधा

- हरि — सर्प, सिंह
- धुन — लगन, गाने का एक ढंग
- हार — पराजय, माला
- हंस — आत्मा, पक्षी विशेष

अभ्यास-कार्य

बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs)

1. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए-

(क) 'अज' का अन्य अर्थ है–

बकरा ◯ ब्रह्मा ◯ दोनों ही ◯

(ख) 'सोना' तथा 'गेहूँ' शब्द किसके अनेकार्थी हैं?

कनक ◯ रस ◯ घन ◯

(ग) 'हरि' का अनेकार्थी शब्द है–

माला ◯ आत्मा ◯ सिंह ◯

(घ) 'कर' का अनेकार्थी शब्द है–

समय ◯ तिनका ◯ टैक्स ◯

2. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन शब्द जिस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है? उस पर (✓) का चिह्न लगा

(क) मालिन ने फूलों का हार बनाया।	माला	▢	पराजय	
(ख) दादी माँ ने आज तरह-तरह के व्यंजन बनाए हैं।	वर्णमाला के अक्षर	▢	पकवान	
(ग) हमारे कर में दस उँगलियाँ होती हैं।	हाथ	▢	टैक्स	
(घ) अंबर में पतंग उड़ रही है।	कपड़ा	▢	आकाश	
(ङ) सूरज पूर्व में निकलता है।	दिशा	▢	पहले	

3. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए-

(क) घन ____________ ____________

(ख) गौ ____________ ____________

(ग) गुरु ________ ________

(घ) अज ________ ________

(ङ) नाग ________ ________

मौखिक प्रश्न

4. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

(क) 'अर्थ' शब्द का प्रयोग हम किन–किन रूपों में करते हैं?

(ख) 'आत्मा' तथा 'पक्षी विशेष' किसके अनेकार्थी शब्द हैं?

लिखित प्रश्न

5. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

(क) अनेकार्थी शब्द किन्हें कहते हैं? उदाहरण देकर समझाइए।

(ख) 'पानी' शब्द के दो अनेकार्थी शब्द लिखिए।

रचनात्मक कौशल

दी गई वर्ग पहेली में एक ही शब्द के दो–दो अनेकार्थी शब्द दिए गए हैं। उन्हें ढूँढ़कर लिखिए-

धा		प	ह	ले
गा	हि	स्सा	पु	त्र
यो	ग	भा	म्य	सा
		रं	ग	र
दि	शा	वं	श	थी

________ ________

________ ________

________ ________

2. वर्ग-परिवर्तन के लिए प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए।

सेवा में,

प्रधानाचार्या जी

बाल भारती पब्लिक स्कूल

इंद्रापुरम, आगरा

दिनांक ....

विषय - वर्ग परिवर्तन हेतु प्रार्थना पत्र

महोदया,

सविनय निवेदन यह है कि मैं आपके विद्यालय में कक्षा पाँच 'ब' की छात्रा हूँ। इस वर्ग में मुझे कु असुविधा अनुभव हो रही है। इसलिए मेरा वर्ग पाँच 'ब' के स्थान पर पाँच 'अ' करने की कृपा करें।

धन्यवाद

आपकी आज्ञाकारिणी छात्रा

सृष्टि मित्तल

कक्षा पाँच 'ब'